प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 10 फरवरी, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल महोदय के निदेश पर आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु खोले गए लोक भवन, राँची उद्यान में आज 10,848 लोगों ने उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया।

विदित हो कि माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा लोक भवन, राँची उद्यान को आम नागरिकों के लिए 15 फरवरी, 2026 तक खुला रखने हेतु निदेश दिया गया है।

उद्यान भ्रमण का समय प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। लोक भवन उद्यान का भ्रमण करने के इच्छुक व्यक्ति लोक भवन के गेट संख्या-2 से सुरक्षा जाँचोपरांत अपराह्न 1 बजे तक आ सकते हैं।